

।। श्री गणेशाय नमः ।।

हिन्दी पाक्षिक Fort Nightly

# बात हिन्दुस्तान की

Baat Hindustan Ki



R N I No. : WBHIN / 2021 / 84049

● विक्रम संवत 2080 पौष कृष्ण पक्ष पंचमी, 1 जनवरी से 15 जनवरी 2024 , 1 January to 15 January 2024, ● वर्ष 3 (Year-3), ● अंक 51 ● पृष्ठ 4 (Page-4) ● मूल्य रु.2 (Price 2/-)


# कोरोना के जेएन 1 वेरिएंट को लेकर टेंशन में दुनिया!

**नई दिल्ली :** कोरोना के नए सब वेरिएंट जेएन.1 को लेकर दुनिया में चिंता बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों से कोविड-19 और इसके नए उप-स्वरूप जेएन.1 तथा इन्फ्लूएंजा सहित श्वसन रोगों के बढ़ते मामलों को देखते हुए निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने का आग्रह किया है। डब्ल्यूएचओ ने लोगों से भी ऐहतियाती कदम उठाने की अपील की है। डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा कि कोविड-19 वायरस विश्व स्तर पर सभी देशों में फैलता, परिवर्तित और प्रसारित होता रहता है। डॉ. खेत्रपाल ने कहा कि वर्तमान साक्ष्य से पता चलता है कि जेएन.1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम है। इसके विकास के अनुसार हमें अपनी प्रतिक्रिया तय करनी चाहिए और लगातार नजर रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'इसके लिए देशों को निगरानी और अनुक्रमण को मजबूत करना होगा और आंकड़ों को साझा करना सुनिश्चित करना होगा। डब्ल्यूएचओ ने जेएन.1 को



इसके तेजी से वैश्विक प्रसार के बाद इसे निगरानी में रखे जाने वाले स्वरूप के रूप में वर्गीकृत किया है। हाल के सप्ताहों में, जेएन.1 के मामले कई देशों में सामने आए हैं और इसका प्रसार विश्व स्तर पर तेजी से बढ़ रहा है।

सिंह ने कहा, सीमित उपलब्ध साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए जेएन.1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम को वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कम आंका गया है। यह आशंका है कि यह स्वरूप अन्य वायरल और बैक्टीरियल संक्रमणों के बीच कोविड-19 के मामलों में वृद्धि कर सकता है खासकर उन देशों में जहां सर्दियों का मौसम शुरू हो रहा है। डॉ. खेत्रपाल सिंह ने कहा कि चूंकि लोग छुट्टियों के मौसम में यात्रा करते हैं और उत्सव मनाने के लिए इकट्ठा होते हैं, घर के अंदर बहुत सारा समय एक साथ बिताते हैं, जहां खराब वायु संचरण (वेंटिलेशन) श्वसन रोगों का कारण बनने वाले वायरस के संचरण की मदद करता है। इसलिए उन्हें सुरक्षात्मक उपाय करने चाहिए और अस्वस्थ होने पर समय पर इलाज कराना चाहिए। क्षेत्रीय निदेशक ने विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले लोगों के लिए कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के खिलाफ टीकाकरण के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, 'डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुमोदित सभी कोविड-19 टीके जेएन.1 सहित सभी प्रकारों से होने वाली गंभीर बीमारियों और मौत से रक्षा करते रहेंगे।

# लाय्सेम इंग्लिश मीडियम स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित





**हावड़ा :** लाय्सेम इंग्लिश मीडियम स्कूल का तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन शरत सदन के हॉल-1 में किया गया। कई दशकों से यह स्कूल दक्षिण हावड़ा के स्कूलों में अपना प्रमुख स्थान स्थापित कर चुका है। इस स्कूल में बच्चों को सभी तरह की बुनियादी शिक्षाएं दी जाती है साथ ही बच्चों को अनुशासन के तहत उन्हें किस तरह का व्यवहार लोगों से करना चाहिए, इस पर भी ध्यान दिया जाता है। भविष्य में वे कैसे और अपने आप को बेहतर प्रदर्शन कर परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण होंगे और अपने साथ-साथ परिवार व स्कूल का नाम रोशन करेंगे, इस पर खासकर ध्यान दिया जाता है। स्कूल के कर्णधार असीत राय ने कहा कि हमारे स्कूल की प्राथमिकता है हर बच्चे को सामान्य रूप से उन्हें शिक्षा दी जाए साथ ही साथ उनके अंदर अनुशासन होना चाहिए ताकि वह अपने व्यवहार से लोगों को आकर्षित कर सके। समय-समय पर तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें छोटे बच्चों से लेकर क्लास 12 तक के बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। इस अवसर पर कई वरिष्ठ नागरिकों को स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित थे राज्य के मंत्री अरुप राय, स्कूल के फाउंडर असीत राय, स्कूल के प्रिंसिपल व अन्य शिक्षकगण।















# विजय दिवस : कोलकाता में दिखा भारतीय सेना का पराक्रम



**कोलकाता (एस के झा) :** 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर मिली ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय, कोलकाता द्वारा वार्षिक विजय दिवस समारोह इस साल भी यहां बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह के पहले दिन 52वें विजय दिवस की पूर्व संध्या पर यहां रायल कलकत्ता टर्फ क्लब (आरसीटीसी) ग्राउंड में भव्य मिलिट्री टैटू आयोजित किया गया, जिसमें सेना के जांबाजों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान हेलीकाप्टर शो से लेकर घोड़ा दौड़, डाग शो, मार्च पास्ट, मोटरसाइकिल करतब आदि का प्रदर्शन कर 1971 के पराक्रमी योद्धाओं को श्रद्धांजलि दी गई।सेना ने अपनी शौर्य व पराक्रम का परिचय दिया। फ्लाई पास्ट में शामिल सेना व वायुसेना के लड़ाकू विमानों व हेलीकाप्टरों ने आसमान का सीना चीरते हुए हैरतअंगेज कारनामे कर वहां जुटे हजारों लोगों की भीड़ को दांतों तले अंगुली दबाने पर विवश कर दिया। घोड़ा दौड़ व सेना की डेयरडेविल्स टीम द्वारा खतरनाक तरीके से मोटरसाइकिलों पर सवार होकर हैरतअंगेज करतब भी खासा आकर्षण का केंद्र रहा। लड़ाकू विमानों और हेलीकाप्टरों के साथ-साथ 12,000 फीट से नीचे उतरने वाले स्काई डाइवर्स की लुभावनी सटीकता के साथ फ्लाई पास्ट को देखकर भी दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता मौजूद रहे। इस दौरान वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों व अन्य गणमान्य लोगों सहित पूर्वी कमान के आमंत्रण पर विजय दिवस समारोह में भाग लेने आए बांग्लादेशी मुक्ति योद्धाओं, उनके परिवार के सदस्यों सहित 72 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी कार्यक्रम के गवाह बने। इस दौरान हथियारों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। विजय दिवस पर सुबह फोर्ट विलियम स्थित विजय स्मारक पर

पूर्वी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता सहित अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर 1971 के बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शाम को सेना द्वारा कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी के साथ दो दिवसीय विजय दिवस समारोह का समापन हो गया।

# सुधा ने बंगाल में लांच किया दूध व अन्य डेयरी उत्पाद



**हावड़ा :** बिहार के लोकप्रिय ब्रांड सुधा डेयरी के दूध व अन्य उत्पाद अब बंगाल में भी मिलेंगे। बिहार स्टेट मिल्क को-आपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (काम्फेड) ने हावड़ा में अपनी नई यूनिट शुरू करने के साथ शुक्रवार को राजधानी कोलकाता में सुधा ब्रांड के अपने दूध व अन्य उत्पादों को लांच किया। हावड़ा के पांचला में खुली इस नई यूनिट का उद्घाटन काम्फेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) प्रभाकर, आइएएस ने किया। इस अवसर पर प्रभाकर ने कहा कि सुधा का शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण दूध एवं दुग्ध उत्पाद अब बंगाल में उपलब्ध हो रहा है और फिलहाल कोलकाता व हावड़ा के बाजार में यह मिलेंगे। धीरे-धीरे राज्य के अन्य हिस्सों में भी यह उत्उपाद पलब्ध होगा। एक माह के भीतर 15 जनवरी तक बंगाल में हम अपनी दूसरी यूनिट सिलीगुड़ी में शुरू करेंगे। इस मौके पर काम्फेड के जीएम आरके मिश्रा ने कहा कि फिलहाल बरौनी डेयरी से दूध लाकर हावड़ा में इसकी पैकेजिंग व वितरण का कार्य किया जाएगा। पनीर जैसे कुछ अन्य उत्पाद यहीं तैयार किए जाएंगे। एमडी ने आगे कहा कि जल्द ही हम बंगाल के स्थानीय पशुपालकों से ही दूध का कलेक्शन शुरू करेंगे, ताकि उन्हें इसका लाभ मिले। उन्होंने बंगाल में बहुत संभावना बताते हुए कहा कि हमारी शुद्धता का वादा है और उसके साथ किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यहां के लोगों को सर्वोत्तम क्वालिटी की दूध उपलब्ध कराने का उन्होंने भरोसा दिया। प्रभाकर ने बताया कि कंपनी के यहां कारोबार शुरू करने से फिलहाल प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से एक हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार से भी हमें पूरा सहयोग मिल रहा है। लांचिंग के मौके पर काम्फेड के मार्केटिंग मैनेजर कुमार अमरेंद्र, एनडीडीबी के पूर्वी क्षेत्र के टीम लीडर डा एस राय, काम्फेड के कोलकाता जोन के चीफ एग्जीक्यूटिव शुभोजित चटर्जी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पश्चिम बंगाल होम गार्ड फोर्स के स्थापना दिवस पर रंगारंग परेड का आयोजन



**हावड़ा :** हावड़ा के शिवपुर पुलिस लाइन में रंगारंग परेड का आयोजन किया गया। जिसकी शलामी हावड़ा सिटी पुलिस के कमिश्नर प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने ली। 6 दिसंबर को होम गार्ड एवं नागरिक सुरक्षा बल का 61वां स्थापना दिवस है। इस बल का उदय 1962 में भारत-चीन समस्या को देखते हुए किया गया था। पश्चिम बंगाल समेत देश के लगभग सभी राज्यों में यह फोर्स गृह विभाग के अधीन चल रही है। पश्चिम बंगाल सरकार इस बल के सभी सदस्यों के समग्र कल्याण के लिए विभिन्न समय पर पहल कर रही है। इस अवसर पर आज एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में सेना के जवान विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षणों की जांच की गई। इस अवसर पर माननीय पुलिस आयुक्त, हावड़ा श्री प्रवीण कुमार त्रिपाठी व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। वही इस अवसर पर नगरपाल ने चार होम गार्ड स्वयंसेवकों को उनके कार्य के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# अब ध्वनि प्रदूषण करने पर देना होगा जुर्माना, भारी वाहनों पर अवरोधक यंत्र जरूरी



**हावड़ा :** हावड़ा शहर में वाहनों के ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए हावड़ा सिटी पुलिस ने कार्रवाई की है। ट्रकों और लॉरियों के कानफोड़ू हॉर्न को कम करने के लिए ध्वनि अवरोधक उपकरणों को अनिवार्य कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से हर थाने को निर्देश दिया गया है कि ट्रक और लॉरी जैसे बड़े वाहनों पर ध्वनि अवरोधक लगाने के अभियान पर जोर दिया जाए ट्रक या लॉरी हमेशा तेज हॉर्न बजाते हैं। कथित तौर पर, ज्यादातर मामलों में यह 90 डेसिबल से अधिक है। जो ध्वनि प्रदूषण का एक प्रमुख कारण है। पर्यावरणविदों का कहना है कि हावड़ा शहर में यह प्रवृत्ति अधिक है। हाल ही में शरत सदन में आयोजित एक समारोह में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा हावड़ा नगर निगम को कुछ ध्वनि अवरोधक उपकरण सौंपे गये यह कदम प्रत्येक पुलिस स्टेशन को एक ध्वनि अवरोधक प्रदान करना है। मेयर ने उन्हें थाने भेज दिया। हावड़ा सिटी पुलिस ने पुलिस स्टेशनों को ट्रकों और लॉरी जैसे भारी माल वाहनों में ऐसे उपकरणों की स्थापना को बढ़ावा देने का निर्देश दिया है। जिन वाहनों तक यह अभियान पहुंचेगा, उनकी संख्या थाने दर्ज करेंगे। यदि अभियान के बाद भी कोई ध्वनि अवरोधक यंत्र नहीं लगाएगा तो उस नंबर के वाहन के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हावड़ा के पुलिस कमिश्नर प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने कहा, प्रत्येक थाने को ट्रकों या लॉरियों में ध्वनि अवरोधक उपकरण लगाने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। पुलिस रात में सड़क पर चलने वाले ट्रकों और लॉरियों को पकड़कर यह अभियान चलाएगी वे कार शोरूम या गैरेज में भी खरीद के लिए उपलब्ध हैं। जरूरत पड़ने पर पुलिस इस संबंध में मदद करेगी बड़ी कारों में यह ध्वनि अवरोधक अनिवार्य रूप से लगाया जाना चाहिए। नहीं तो कुछ धाराओं के तहत केस होगा। सीपी के मुताबिक, जो लोग लाखों रुपये में ट्रक-लॉरी खरीद रहे हैं, उन्हें 4 से 5 हजार रुपये खर्च कर साउंड लिमिटर डिवाइस खरीदने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# तीन फेरी घाटों पर केंद्रीय परियोजना में जेटी की योजना

हुगली : सड़कों पर बोझ कम करने के लिए जल परिवहन पर जोर देने की योजना पर काम चल रहा है। इसके लिए, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के तहत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण) ने विभिन्न राज्यों में कई नौका बंदरगाहों पर बुनियादी ढांचे के निर्माण की पहल की है। विश्व बैंक वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। इसी कड़ी में हुगली जिले में इस परियोजना के तहत कई नौका घाटों (जेटी) का निर्माण किया जाएगा।

आईडब्ल्यूएआई ने यहां जलमार्ग परिवहन प्रणाली में सुधार के लिए पिछले दिनों हुगली जिला प्रशासन के साथ एक योजना (रणनीतिक) बैठक की। बैठक जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी मुक्ता आर्य, अपर जिलाधिकारी (विकास) अमितेन्दु पाल एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी देबाशीष रॉय, जिला परिषद के कार्यवाहक कार्यवाहक अधिकारी बिजन बेसरा और अन्य भी उप-स्थित थे। बैठक में आईडब्ल्यूएआई के अधिकारियों ने समग्र योजना के बारे में बताया आईडब्ल्यूएआई सूत्रों ने बताया कि परियोजना कार्य में सहयोग को लेकर जिला प्रशासन से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी यही कहा प्रशासन और आईडब्ल्यूएआई सूत्रों के मुताबिक इसके लिए बालागढ़ ब्लॉक के गुप्तीपारा फेरीघाट, चुंचुड़ा-मगरा ब्लॉक के चंद्रहाटी 2 पंचायत के शर्माबाबू फेरीघाट और बांसबेड़िया नगर पालिका के सप्तर्षि फेरीघाट का चयन किया गया है। केंद्र की जल मार्ग विकास नामक परियोजना के तहत, यात्री



सुविधा को ध्यान में रखते हुए संबंधित नौका घाटों पर आधुनिक घाटों का निर्माण किया जाएगा। इसमें टॉयलेट कॉम्प्लेक्स, टॉयलेट समेत अन्य जरूरी सुविधाएं होंगी सोलर लाइट लगाई जाएंगी इस परियोजना के तहत राज्य में कुछ और घाटों की व्यवस्था की जाएगी यह परियोजना चार राज्यों- उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में लागू की जाएगी

जिला प्रशासन सूत्रों के अनुसार वर्क परमिट एनओसी गुप्तीपाड़ा और शर्माबाबू फेरीघाट स्थित संबंधित विभाग को पहले ही भेजा जा चुका है। जिला प्रशासन के एक अधिकारी का मानना है कि जल परिवहन सुविधाएं बढ़ने से यात्रियों की संख्या भी बढ़ेगी यह सिस्टम सड़क पर दबाव कम करने में कारगर होगा। ट्रैफिक की भीड़ भी कम होगी। परियोजना का उद्देश्य उस दिशा में बुनियादी ढांचा तैयार करना है। आईडब्ल्यूएआई के सूत्रों का दावा है कि इस परियोजना से गंगा के दोनों किनारों पर संबंधित स्थानों पर लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे इससे पहले उन तीन स्थानों पर स्थानीय लोगों के साथ क्षेत्रवार बैठकें की गईं इस प्रोजेक्ट से उन्हें क्या लाभ मिलेगा, इसके बारे में बताया गया है। जिला परिषद के कार्यवाहक निदेशक बिजन बेसरा ने कहा कि इस मामले पर संबंधित नौका घाट प्राधिकारियों और स्थानीय प्रशासन से बात कर उनकी ओर से क्या किया जायेगा। गुप्तीपाड़ा 1 पंचायत के पूर्व उप मुखिया और वर्तमान सदस्य विश्वजीत नाग ने कहा, कई दिन पहले हमारी पंचायत की ओर से ब्लॉक प्रशासन को एनओसी भेजी गई थी। मुझे पता चला है कि यह ब्लॉक से जिला प्रशासन के पास चला गया है।




*हावड़ा जिले के स्लप इलाके में उजाला सर्कस अपने 3 शो लेकर एक महीने के लिए हाजिर है, सर्कस देखने काफी संख्या में पहुंच रहे हैं लोग, जिसका एक दृश्य। विधिवत उद्घाटन किये डोमजूर के विधायक व तृणमूल हावड़ा जिला के अध्यक्ष कल्याण घोष।*

# श्री अखिल कृष्ण दास जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा



**हावड़ा:** नया मंदिर,बागेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है,23 दिसंबर से 29 दिसंबर तक किया जा रहा है जहां दोपहर 2:00 बजे से सायं काल 6:00 बजे तक लोग भागवत कथा का ज्ञान ले सकते हैं, परम पूज्य संत श्री अखिल कृष्ण दास जी महाराज वृंदावन कालरात्रि पीठाधीश्वर कंचनपुर के श्रीमुख से ।इस भागवत कथा का आयोजन श्री कृष्णा चरण चंचरीक, सुरेश कृष्ण जोशी आशा जोशी के द्वारा किया गया है ।इस कथा में भाग लेने के लिए लोग काफी संख्या उपस्थित हो रहे है और ज्ञान का लाभ उठा कर पुण्य के भागी बन रहे है। श्री अखिल कृष्ण दास जी महाराज ने आज के प्रसंग में नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के साथ भगवान श्री कृष्ण के जन्म की लीला का वर्णन लोगों के सामने सचित्र समझाने की कोशिश की, साथ ही लोगों से आग्रह किया कि लोग अपने जीवन में प्रभु श्री राम और भगवान श्री कृष्ण के चरित्र वह उनके मनोरम छवी को अपने मन के अंदर उतार कर कम से कम उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन पर चलने की कोशिश करे। इस दौरान पावन बेला में उपस्थित श्री बंशीधर जालान स्मृति मंदिर (नया मंदिर) में काफी संख्या में भक्त उपस्थित थे और भजन से ओतप्रोत इन लोगों को देखा गया।

# दो दिवसीय माउथ ऑर्गन प्रतियोगिता सम्पन्न




दो दिवसीय हार्मोनीक म्युजिकल कार्यक्रम का आयोजन हावड़ा के डोमजुर जला स्थित नॉक्स रेसीडेंसी में किया गया जहां बंगाल ही नही बल्कि पूरे भारतवर्ष से कुल 71 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपनी प्रस्तुत की। प्रायः लुप्त हो रही इस माउथ ऑर्गन को 8 से 80 के अनके लोग बजाने में अपनी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। सुकांतो घोषाल कार्यक्रम के आयोजक ने बताया कि ऑनलाइन के माध्यम से पूरे भारतवर्ष के लोगों को इसकी शिक्षा दे रहे और आगे भी देते रहेंगे।

# जलसूत्र परिवार द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन



**कोलकाता :** जलसूत्र परिवार द्वारा हर साल भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कोलकाता के विधान गार्डन में सोमवार को इस वर्ष विशेष रूप से राम मंदिर का 22 जनवरी को उद्घाटन के उत्साह में भजन कीर्तन कार्यक्रंम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ श्रद्धालुओँ की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर महाराज श्री महेंद्र सिंह चौहान और महाराज श्री पुरुषोत्तम जी शर्मा गरिमामय उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ गायक संजय मित्तल, कन्हैया मित्तल, रवि बेरीवाल, आशीष सुल्तानिया मोनू, श्याम अग्रवाल, पूजा नाथानानी द्वारा पेश किए गए भजनों को सुनकर सभी भक्त हर्षोल्लास के साथ झूम उठे। यह संस्था हर साल कई संस्थाओं के साथ जुड़कर समाज सेवा का कार्य करता है। अब नरसिम्हा फाउंडेशन के माध्यम से विभिन्न सेवा कार्य किया जाएगा। वर्ष 2024 से बागनान में लिए गए 100 बीघा जमीन में अनाथालय, वृद्धाश्रम, गौशाला की परिकल्पना है। राम मंदिर के उद्घाटन के दिन 22 जनवरी को भी एक विशेष कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता सुजीत अग्रवाल और विजय चौधरी (मुन्ना) एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# संसद धुआं मामले के लिए सीधे तौर पर बीजेपी जिम्मेदार : अरूप रॉय



**हावड़ा :** राज्य के खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री अरूप रॉय ने संसद में धुआं फैलाने की घटना के लिए सीधे तौर पर बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया है. उन्होंने कहा कि एक बीजेपी सांसद ने संसद में प्रवेश करने वालों को पास दे दिया. इसलिए इस घटना के लिए बीजेपी जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सांसदों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी चाहिए. भाजपा की साजिश के कथित मास्टरमाइंड ललित झा के साथ कलकत्ता के तृणमूल नेताओं की तस्वीरें हैं। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि अब उनके हाथ में एंड्रॉयड फोन है. कोई भी किसी के बगल में खड़ा होकर तस्वीर ले सकता है। किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता. उन्होंने यह भी कहा कि सांसद महुआ मैत्रा को बिना किसी कारण के अन्यायपूर्ण ढंग से निष्कासित कर दिया गया। उनसे केंद्र सरकार डरती है. इस बार लोकसभा चुनाव में वह दोगुने से भी ज्यादा वोटों से जीतेंगे।इस दिन उन्होंने फिर से केंद्रीय अभाव की शिकायत की. उन्होंने शिकायत की कि उन्होंने इस संबंध में अपना आंदोलन जारी रखा है, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। आवास योजना का पैसा 100 दिनों के काम और जीएसटी के लिए राज्य को एक लाख पंद्रह हजार करोड़ रुपये का भुगतान तुरंत केंद्र को करना चाहिए. यदि नहीं तो इस संबंध में लगातार आंदोलन किया जाएगा। केंद्रीय वंचना के विरोध में तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अरूप रॉय के नेतृत्व में शिवपुर ट्राम डिपो से हावड़ा मैदान तक रैली निकाला।

# प्रसिद्ध जादुगर के के लायल का जादू ने सभी का मोहा मन



**आजमगढ़ :** करिया गोपालपुर में एक शादी कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध जादुगर के के लायल कंचन सिंह की सुपुत्री के शुभ विवाह के अवसर पर जादू कला के द्वारा सभी का मन मोह लिया सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की, इस प्रोग्राम मे विधानसभा संपर्क प्रमुख श्रीमान कंचन सिंह कारिया गोपाल पुर धर्मेंद्र सिंह प्रमुख उद्योगपति राजू सिंह बंगाल बिल्डर एबंग श्रीमान जसमंत सिंह और भीअन्नय विशिष्ठ गंयमांय व्यक्ति उपस्थित थे। श्रीमान कंचन सिंह ने जादूगर के के लायल की कला को देख खुश होकर नगद रु,1001 से पुरस्कृत किया तथा कहा जादूगर है या जादुगर का जादू अजूबा है।सभी दर्शक मंत्र मुग्ध हो गये। काफी समय तक पंडाल तालियों से गूंजता रहा जादूगर के के लायल के सहयोगी कलाकारों मे अमित लायल, राज कुमार सिंह, पुस्पेंदर लायल,कुमारी सिमरन लायल,कुमारी राखी लायल, अमन लायल जादू प्रदर्शन मैं सहयोग किया।







*स्वत्वाधिकारी **'बात हिन्दुस्तान की'** (पाक्षिक) पत्रिका के लिए मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती सोनी कुमारी झा, 23 रामकुमार गांगुली लेन, 2रा तल्ला कमरा नं. 203, पोस्ट- बी. गार्डेन, शिवपुर, हावड़ा-711103 (प. बंगाल) फोन न.: 8902221434 से प्रकाशित एवं चपला मुद्रण, 2/3/1, रामजी हजरा लेन, हावड़ा-711101 से मुद्रित, सम्पादक-**उमेश तिवारी,** फोन- 8420899919 पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उतरदायी, ईमेल/वेबसाईट-www.baathindustanki@gmail.com*

(Owner, Printer & Publisher of 'Baat Hindustan Ki' : Smt. Soni kumari Jha, 23, Ramkumar Ganguly Lane, 2nd floor, room no-203, PO : B.Garden, Shibpur, Howrah-711103, Mo. 8902221434 & Printed from CHAPLA MUDRAN 2/3/1 Ramji Hazra Lane, Shibpur, Howrah-711101, Editor : **Umesh Tiwari** Mo. 8420899919, Email/Website : www.baathindustanki@gmail.com)